मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

# उत्तरशक्ति

हर खबर निष्पक्षता के साथ

मुंबई
वर्ष: 8 अंक 329
शुक्रवार, 19 जून 2026
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

## राहुल गांधी का छात्रों से आह्वानः स्टूडेंट्स इको से जुड़कर शिक्षा-रोजगार पर उठाएं आवाज

**कोटा, 18 जून।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को छात्रों और नौकरी चाहने वालों से हाल ही में शुरू किए गए 'छात्रों की गूंज' अभियान से जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस पहल का मकसद शिक्षा, परीक्षाओं और रोजगार से जुड़े उनके मुद्दों को सीधे सरकार तक पहुंचाना है। पर एक पोस्ट में गांधी ने हिंदी में लिखा कि अगर आपने पेपर लीक, परीक्षा में धोखाधड़ी या बहुत ज्यादा फीस का दर्द सहा है। अगर इस सिस्टम ने आपके सपने तोड़ दिए हैं। अगर आपके परिवार ने आपकी पढ़ाई में अपनी ज़िंदगी भर की कमाई लगा दी है। तो सुनिएः स्टूडेंट्स इको आपकी आवाज है।




उन्होंने इस मुहिम को सिर्फ.एक मुहिम से कहीं ज्यादा बताया और इसे सरकार के सामने सस्ती शिक्षा, निष्पक्ष परीक्षाओं और सम्मानजनक रोजगार से जुड़ी माँगें उठाने का एक मंच कहा। गांधी ने सुझाव देकर और इससे जुड़ी याचिका पर हस्ताक्षर करके इसमें शामिल होने की अपील की और जोर देते हुए कहा कि आपका एक हस्ताक्षर इस लड़ाई को मजबूत करेगा। जितने ज्यादा नाम होंगे, आवाज उतनी ही बुलंद होगी। गांधी द्वारा शेयर की गई कैंपेन की जानकारी के अनुसार, प्रतिभागी अपनी जानकारी देकर, सुझाव शेयर करके और पिटीशन पर साइन करके इसमें शामिल हो सकते हैं।

यह अभियान कांग्रेस पार्टी की उस व्यापक कोशिश का हिस्सा है जिसके तहत छात्रों और नौकरी चाहने वालों से जुड़े मुद्दों–जैसे परीक्षा से जुड़े विवाद, भर्ती में अनियमितताएं और पढ़ाई का खर्च–को उजागर किया जा रहा है। इससे पहले, कांग्रेस ने भारत की शिक्षा व्यवस्था को लेकर ₹छात्रों की गूंज₹ नाम से एक देशव्यापी अभियान की घोषणा की थी। इस पहल में देश भर में और संसद के भीतर विरोध प्रदर्शन, लोगों तक पहुँचने के कार्यक्रम और चचाएँ शामिल होंगी। पार्टी ने कहा कि इस अभियान का मकसद कोचिंग फीस, पेपर लीक, शिक्षा तक पहुँच और रोजगार के मौकों जैसे मुद्दों को उजागर करना है।

राहुल गांधी ने राजस्थान के कोटा से छात्रों की गूंज महा रैली की अगुवाई करते हुए इस अभियान की शुरूआत की। ठरवक और यूथ कांग्रेस जैसे कांग्रेस संगठनों की भागीदारी के साथ यह अभियान दूसरे इलाकों तक भी फैलाया जाएगा। इस पहल के तहत गांधी इलाहाबाद, पटना और दिल्ली में होने वाले सम्मेलनों में भी भाषण देंगे।

## कर्नाटक में कांग्रेस ने मारी बाजी, एमएलसी चुनाव में जीती 5 सीटें

**कर्नाटक, 18 जून।** कर्नाटक में डी के शिवकुमार के मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली चुनावी लड़ाई में, सत्तारूढ़ कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को विधान परिषद की सात सीटों में से पांच पर जीत हासिल की, जबकि विपक्षी भाजपा ने दो सीट जीतीं। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।



सूत्रों के मुताबिक, भाजपा और जनता दल (सेक्युलर) दोनों ही दलों के विधायकों की ओर से 'क्रॉस-वोटिंग' की गई, क्योंकि कांग्रेस उम्मीदवारों को उम्मीद से ज्यादा वोट मिले। कर्नाटक विधानसभा के सदस्यों ने विधान सौध में हुए चुनाव में मतदान किया। सात सीटों के चुनाव में आठ उम्मीदवार मैदान में थे। चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों में कांग्रेस के थिप्पन्नप्पा कामकनूर, पी. वी. मोहन, बी. के. हरिप्रसाद (प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष), शिवन्ना बी एस, और विनय कार्तिक प्रकाश तथा भाजपा के लिंगराज पाटिल और रघु आर और जद (एस) के गोविंदराजू शामिल हैं। कांग्रेस के पांचों उम्मीदवारों और भाजपा के दोनों उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की जबकि जद(एस) के गोविंदराजू को हार का सामना करना पड़ा। यह चुनाव कराने की इसलिए जरूरत पड़ी क्योंकि विधान परिषद के सात सदस्यों का कार्यकाल 30 जून को समाप्त होने वाला है। इनमें कांग्रेस के नसीर अहमद, टिप्पन्नाप्पा और बी. के. हरिप्रसाद, भाजपा के एन. नागराजू (एमटीबी), प्रताप एस. नायक के. और सुनील वल्लयापुर तथा जद (एस) के गोविंदराजू शामिल हैं।

## झारखंड राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग ने बदला खेल, एनडीए समर्थित प्रत्याशी परिमल नाथवानी जीते

**रांची, 18 जून।** झारखंड में राज्यसभा की दो सीटों के लिए हुए चुनाव का परिणाम घोषित कर दिया गया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के उम्मीदवार बैजनाथ राम और निर्दलीय प्रत्याशी तथा एनडीए समर्थित परिमल नाथवानी ने जीत दर्ज की है जबकि कांग्रेस के प्रणव झा को हार का सामना करना पड़ा ।



राम को 31 नाथवानी को 28 और झा को प्रथम वरीयता के 19 मत मिले जबकि तीन वोट रद्द कर दिया गया। राज्यसभा चुनाव के लिए विधानसभा के सभी 81 विधायकों ने मतदान किया था। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुई मतगणना के बाद दोनों विजेताओं के नामों की आधिकारिक घोषणा की गई। इस चुनाव में झामुमो के बैजनाथ राम, कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार प्रणव झा और निर्दलीय प्रत्याशी परिमल नाथवानी मैदान में थे।

तीन उम्मीदवारों के चुनाव मैदान में होने के कारण मुकाबला काफी दिलचस्प माना जा रहा था। परिणामों के साथ ही चुनाव को लेकर चल रही तमाम अटकलों पर विराम लग गया। बैजनाथ राम की जीत सत्तारूढ़ गठबंधन के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है, वहीं परिमल नाथवानी ने एनडीए के समर्थन के दम पर राज्यसभा की सीट हासिल करने में सफलता प्राप्त की। नाथवानी झारखंड से तीसरी बार राज्यसभा के लिए चुने गए जबकि राम पहली बार राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए हैं।चुनाव परिणाम के बाद दोनों खेमों में जश्न का माहौल है।

## हरियाणा में नशा तस्करों की अब खैर नहीं, 7 जिलों में बनीं 13 नई फास्ट ट्रैक कोर्ट

**चंडीगढ़, 18 जून।** हरियाणा सरकार ने नशे के खिलाफ अपनी लड़ाई को तेज करते हुए राज्य के सात जिलों में 13 नई फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाई हैं। यह फास्ट ट्रैक कोर्ट फरीदाबाद, गुरुग्राम, पंचकूला, रोहतक व यमुनानगर में एक-एक होगी, जबकि सिरसा जिले में छह फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाई गई हैं। फतेहाबाद जिले में दो फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन किया गया है।

संबंधित जिलों में अपर सत्र न्यायाधीश के न्यायालयों को फास्ट ट्रैक कोर्ट में बदला गया है और इन न्यायालायों के न्यायाधीश इन फास्ट ट्रैक कोर्ट के विशेष न्यायाधीश होंगे। जिन जिलों में फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन हुआ है, वहां नशे की तस्करी से जुड़े केसों की त्वरित सुनवाई संभव हो सकेगी और इस कारोबार में संलिप्त तस्करों को समय से कड़ी सजा मिल पाएगी।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देश पर यह फास्ट ट्रैक कोर्ट गठित की गई है। न्याय प्रशासन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार सिरसा जिले में सबसे अधिक छह अतिरिक्त एवं सत्र न्यायाधीशों की अदालतों को अन्य स्थापित अधिकारी एवं मनोभावी फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय के रूप में अधिसूचित किया गया है। इन अदालतों में मुख्य रूप से नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम से जुड़े मामलों की सुनवाई होगी।



हरियाणा सरकार ने यह कदम ऐसे समय में उठाया है, जब राज्य में नशा तस्करी और मादक पदार्थों के मामलों में लगातार कार्रवाई हो रही है तथा अदालतों में बड़ी संख्या में मामले लंबित हैं। नई अदालतों के गठन से इन मामलों के त्वरित निपटारे, दोषियों को शीघ्र सजा और पीड़ितों को जल्द न्याय मिलने की उम्मीद बढ़ गई है।

हरियाणा सरकार का यह कदम केवल न्यायिक व्यवस्था का विस्तार नहीं, बल्कि नशा मुक्त हरियाणा अभियान को कानूनी मजबूती देने वाला महत्वपूर्ण निर्णय माना जा रहा है। यदि इन अदालतों में मामलों का समयबद्ध निपटारा होता है तो नशा तस्करी के खिलाफ राज्य की लड़ाई को बड़ा बल मिल सकता है।

हरियाणा भौगोलिक रूप से पंजाब, राजस्थान, दिल्ली और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों से जुड़ा है, जिसके कारण यह नशा तस्करों के लिए एक महत्वपूर्ण ट्रांजिट रूट भी माना जाता है।

राज्य सरकार और पुलिस के लगातार अभियानों के बावजूद नशे का नेटवर्क चुनौती बना हुआ है।

उपलब्ध सरकारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2025 में एनडीपीएस अधिनियम के तहत 3,738 एफआइआर दर्ज की गईं और 6,801 लोगों को गिरफ्तार किया गया था, जो पिछले वर्षों की तुलना में रिकॉर्ड कार्रवाई मानी गई। वर्ष 2020 से 2025 के बीच राज्य में 20,519 एनडीपीएस के मामले दर्ज हुए और 35,207 गिरफ्तारियां हुईं।

हरियाणा सरकार का दावा है कि प्रदेश के 3,445 गांवों और 774 वार्डों को नशा मुक्त घोषित किया जा चुका है तथा नशे की लत से जूझ रहे लोगों के उपचार के लिए 161 नशा मुक्ति केंद्र स्थापित किए गए हैं। नई अदालतें खुलने से राज्य के गांवों और वार्डों को नशामुक्त घोषित करने के अभियान में मदद मिलेगी।

नशा मुक्त हरियाणा अभियान के तहत राज्य सरकार बहुआयामी रणनीति पर काम कर रही है। इनमें एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का गठन प्रमुख रूप से शामिल है। पंचकूला में सात राज्यों के सहयोग से अंतरराज्यीय सचिवालय की स्थापना पहले ही की जा चुकी है।

एमएएनएएस (मानस) हेल्पलाइन के माध्यम से नशा पीड़ितों को उपचार के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## तमिलनाडु में बीजेपी ने अपराध और बिगड़ी कानून-व्यवस्था के खिलाफ किया प्रदर्शन



**तमिलनाडु।** तमिलनाडु भारतीय जनता पार्टी ने 18 जून को चेन्नई में राज्य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में महिलाओं और बच्चों के साथ यौन उत्पीड़न, बच्चों के खिलाफ अपराधों और बिगड़ती कानून-व्यवस्था की निंदा की गई। इस प्रदर्शन की अगुवाई BJP के राज्य अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन ने की। इसमें तमिलनाडु BJP के प्रभारी अरविंद मेनन, वरिष्ठ नेता तमिलिसाई सुंदरराजन, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विंग के सचिव वेल्लोर इब्राहिम के साथ-साथ राज्य के उपाध्यक्ष, सचिव, चेन्नई ज़िला अध्यक्ष, पार्टी पदाधिकारी और आम लोग भी शामिल हुए।

प्रदर्शनकारियों ने हाथों में प्लेकार्ड लिए थे और ळश्ङ सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए अपने मुँह पर काले कपड़े बांध रखे थे।

## आईपीएल 2027 के शेड्यूल में बदलाव के साथ मैचों की संख्या बढ़ाएगी बीसीसीआई

**नई दिल्ली, 18 जून।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड देश के अधिकांश हिस्सों में मई में पड़ने वाली भीषण गर्मी से बचने के लिए आईपीएल को अगले साल से 10 मार्च से 15 मई तक आयोजित करने पर विचार कर रहा है। बोर्ड के सचिव देवजीत सैकिया ने यह जानकारी दी।



हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए मैचों की संख्या 74 ही रहेगी और इसे बढ़ाकर 94 नहीं किया जाएगा। आईपीएल आमतौर पर मार्च के आखिरी सप्ताह में शुरू होता है और मई के अंत तक चलता है। सैकिया ने कहा कि आईपीएल को जल्दी शुरू करने से खिलाड़ी ही नहीं दर्शकों को भी फायदा होगा।

सैकिया ने कहा कि इस साल आईपीएल 28 मार्च को शुरू हुआ और 31 मई तक चला। हम इस पर चर्चा कर रहे हैं कि कि 15 मई के बाद टूनार्मेंट के अंतिम चरण में बारिश या मानसून से पहले के मौसम से व्यवधान पड़ने की आशंका बनी रहती है। सैकिया ने कहा कि इसके अलावा तब तक मौसम काफी गर्म हो जाता है जो न तो खिलाड़ियों के लिए और ना ही दर्शकों के लिए बहुत अनुकूल है।

बोर्ड के सचिव ने कहा कि मई के अंतिम पखवाड़े में बढ़ते तापमान से निपटने के लिए टूनार्मेंट को दो सप्ताह पहले शुरू करने पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बीसीसीआई के साथ-साथ हमारी आईपीएल संचालन परिषद में भी इस बात पर चर्चा चल रही है कि क्या हम टूनार्मेंट को मार्च के आखिर के बजाय थोड़ा पहले शुरू कर सकते हैं।

TIWARI'S
SARASWATI CLASSES
Since 1992
Parents' First Choice for 34+ Years
Prof. Dr. Dayanand Tiwari
Founder & Academic Director
ADMISSIONS OPEN
9th | 10th | 11th | 12th SCIENCE
NEET | JEE | MHT-CET
10 DAYS FREE DEMO
Attend Classes • Experience Our Teaching
Take Admission After Satisfaction
(No Hidden Conditions)
✓ 34+ Years of Academic Excellence
✓ Experienced & Dedicated Faculty
✓ Personal Attention
✓ Printed Notes & Regular Tests
✓ Strong Foundation for Boards & Competitive Exams
Santacruz Branch
101 Sai Chambers, Opp. Santacruz Railway Station (East), Near Depot, Santacruz (E), Mumbai - 400055
Sion Branch
Opp. SIES College (Old), Near Gurukripa Hotel, Sion (West), Mumbai
Limited Seats / Small Batch Size
CALL NOW:
7738007373

DAKS REHAB CENTRE
(PARALYSIS PHYSIOTHERPHY CENTER AND OLD AGE HOME)
Contact us: 9820519851
विल्डिंग नंबर 3, प्लॉट नंबर 3, आदर्श घरकुल सोसायटी सायन कोलीवाडा जीटीबी नगर मुंबई-37
* Stroke/Paralysis/Complete Rehab Centre
* बाहर से आये रोगी और उनके परिजनो के ठहरने कि व्यवस्था
* वृद्ध लोगों के लिए रहने की सुविधा उपलब्ध
* DM/HT/THYROID इन सब से कैसे बचें
* NGO में मिलनेवाली सहायता को लोगों में देना
* चिकिस्ता उपकरणो को किराये और बिक्री सुविधा उपलब्ध
* एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
* पोस्ट ऑपरेटिव रिहैब सेंटर
* मरीजों के लिए घर पर 12 और 24 घंटे जीडीए परिचारक
* विशेषज्ञ डॉक्टरो से ऑनलाइन और ऑफलाइन परामर्श की सुविधा उपलब्ध
* मासिक ईएमआई के आधार पर व्यक्तीयों, परिवारो और माता-पिता के लिए स्वास्थ्य निती की चिकिस्ता सुविधा उपलब्ध



NEW LIGHT CLASSES
TRADITION OF EXCELLENCE
2nd Floor, Sheetal Bldg. Near Diamond Talkies, L. T. Road, Borivali (West) Mumbai - 400 092 Maharashtra
ADMISSIONS OPEN
ALL OVER INDIA
ENROLL NOW



SMART CLASSROOM
(ONLINE/OFFLINE)
Courses Offered
• Std. XI & XII (Sci.)
• NEET
• JEE (Main & Advance)
• MHT-CET
• Polytechnic & Engg
• Physics and Maths (ICSE, CBSE, ISC)
M: 9833240148 | E: edu@newlightclasses.com | W: www.newlightclasses.com

# आखिरी आदमी की सांसों में बसा कर्मयोद्धा नेता



-ललित गर्ग

भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में कुछ व्यक्तित्व केवल राजनीतिक नेतृत्व तक सीमित नहीं रहते, वे एक युग का निर्माण करते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नेतृत्व ऐसा ही एक युगबोध बनकर उभरा है। जून 2026 में उन्होंने स्वतंत्र भारत के इतिहास में लगातार सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने का नया कीर्तिमान स्थापित किया। यह उपलब्धि केवल दिनों की संख्या का रिकॉर्ड नहीं है, बल्कि उस विश्वास, जनसमर्थन और विकास-यात्रा का प्रतीक है, जिसने भारत की राजनीति, अर्थव्यवस्था, शासन-प्रणाली और वैश्विक छवि को नई दिशा दी है। लोकतंत्र में किसी नेता की वास्तविक सफलता उसके पद की अवधि से नहीं, बल्कि उसके कार्यों के प्रभाव से मापी जाती है। यदि शासन की कसौटी अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है, तो मोदी युग का सबसे बड़ा योगदान यही है कि उसने विकास को सरकारी फाइलों और घोषणाओं से निकालकर सामान्य नागरिक के जीवन तक पहुंचाया है। यह वही अवधारणा है जिसे पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अंत्योदय कहा था-समाज के अंतिम व्यक्ति का उदय।

स्वतंत्रता के बाद भारत ने लंबी विकास यात्रा तय की है। जवाहरलाल नेहरू ने नवस्वतंत्र भारत की संस्थागत नींव रखी। लोकतंत्र, वैज्ञानिक चिंतन, सार्वजनिक संस्थानों, शिक्षा, अनुसंधान तथा औद्योगिक विकास की आधारशिला उन्हीं के समय में रखी गई। किंतु समय के साथ यह भी स्पष्ट हुआ कि योजनाएं बनाना और उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना दो अलग-अलग चुनौतियां हैं। दशकों तक सरकारी योजनाओं और लाभार्थियों के बीच बिचौलियों की एक लंबी श्रृंखला खड़ी रही, जिसके कारण विकास का बड़ा हिस्सा रास्ते में ही समाप्त हो जाता था। वर्ष 2014 में जब नरेंद्र मोदी ने देश की बागडोर संभाली, तब भारत अनेक चुनौतियों से जूझ रहा था। आर्थिक सुस्ती, भ्रष्टाचार के आरोप, अधूरी परियोजनाएं, प्रशासनिक जड़ता और जनता में घटता विश्वास प्रमुख चिंताएं थीं। ऐसे समय में उन्होंने शासन की परंपरागत शैली को बदलते हुए तकनीक, पारदर्शिता और जवाबदेही को केंद्र में रखा। यह परिवर्तन केवल नीतियों का नहीं, बल्कि शासन के दर्शन का परिवर्तन था।

मोदी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धियों में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) प्रणाली का विस्तार है। जनधन खाते, आधार और मोबाइल तकनीक को जोड़कर एक ऐसी व्यवस्था विकसित की गई, जिसने सरकारी सहायता को सीधे लाभार्थियों तक पहुंचाना संभव बनाया। इससे न केवल भ्रष्टाचार और रिसाव में कमी आई, बल्कि करोड़ों लोगों को पहली बार यह अनुभव हुआ कि सरकार वास्तव में उनके द्वार तक पहुंच सकती है। गरीब, किसान, महिला, छात्र, वृद्ध और श्रमिक-सभी वर्गों को इसका लाभ मिला। वित्तीय समावेशन की दिशा में जनधन योजना ने ऐतिहासिक भूमिका निभाई। जिन परिवारों के पास कभी बैंक खाता नहीं था, वे औपचारिक बैंकिंग प्रणाली का हिस्सा बने। यह केवल बैंक खाते खोलने की योजना नहीं थी, बल्कि आर्थिक सशक्तीकरण का एक नया अध्याय था। इसी प्रकार उज्ज्वला योजना ने करोड़ों महिलाओं को धुएं से भरे रसोईघरों से मुक्ति दिलाई। स्वच्छ ईंधन ने उनके स्वास्थ्य, सम्मान और जीवन की गुणवत्ता में सकारात्मक परिवर्तन किया।

मोदी युग की एक बड़ी पहचान आधारभूत संरचना का अभूतपूर्व विस्तार भी है। सड़कों, एक्सप्रेस-वे, रेलवे, मेट्रो, हवाई अड्डों, बंदरगाहों और डिजिटल नेटवर्क के क्षेत्र में जिस गति से कार्य हुआ, उसने विकास को नए पंख दिए। आज छोटे शहर भी हवाई संपर्क से जुड़ रहे हैं। गांवों तक सड़कें पहुंच रही हैं। रेलवे का तीव्र आधुनिकीकरण हो रहा है। वंदे भारत जैसी आधुनिक ट्रेनें भारत की तकनीकी क्षमता और आत्मविश्वास का प्रतीक बन गई हैं। आवास योजना के माध्यम से करोड़ों गरीब परिवारों को पक्के घर उपलब्ध कराए गए। जिन लोगों ने वर्षों तक कच्ची झोपड़ियों में जीवन बिताया, उनके लिए अपना घर केवल एक भवन नहीं, बल्कि सम्मान और सुरक्षा का प्रतीक है। इसी प्रकार जल जीवन मिशन ने करोड़ों घरों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का कार्य किया। शौचालय निर्माण अभियान ने स्वच्छता को जनांदोलन का रूप दिया। ये परिवर्तन केवल आंकड़ों में नहीं, बल्कि जीवन स्तर में दिखाई देते हैं।

कृषि क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिले हैं। इथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम ने किसानों के लिए आय के नए अवसर खोले हैं। किसान केवल अन्नदाता ही नहीं, बल्कि ऊजार्दाता के रूप में भी उभर रहे हैं। जैव ईंधन, प्राकृतिक खेती, कृषि अवसंरचना और तकनीकी नवाचारों के माध्यम से कृषि को अधिक लाभकारी बनाने के प्रयास किए गए हैं। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा मिली है। डिजिटल इंडिया अभियान ने भारत को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाई है। आज भारत का डिजिटल भुगतान मॉडल दुनिया के लिए अध्ययन का विषय बन गया है। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) ने आर्थिक लेन-देन को सरल, तेज और पारदर्शी बनाया है। डिजिटल तकनीक का उपयोग केवल सुविधा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह सुशासन का महत्वपूर्ण माध्यम बन गया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, बैंकिंग, व्यापार और प्रशासन-हर क्षेत्र में डिजिटल क्रांति का प्रभाव दिखाई देता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत की प्रतिष्ठा में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। आज भारत केवल एक विकासशील राष्ट्र के रूप में नहीं, बल्कि वैश्विक नेतृत्व की क्षमता वाले देश के रूप में देखा जा रहा है। जी-20 की सफल अध्यक्षता, अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रभावशाली उपस्थिति, वैश्विक संकटों में संतुलित भूमिका और विकासशील देशों की आवाज बनने का प्रयास भारत की बढ़ती शक्ति को दशार्ता है। इनदिनों के जी-7 शिखर सम्मेलन में सदस्य न होने पर भी मोदी का दबदबा होना- विदेश नीति में आत्मविश्वास और संतुलन के नये स्वर द्दशाता है। मोदी युग की एक विशेषता यह भी है कि उसने राष्ट्रवाद को विकास से जोड़ा है। आत्मनिर्भर भारत का संकल्प केवल आर्थिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्रीय आत्मविश्वास का अभियान है। रक्षा उत्पादन, अंतरिक्ष अनुसंधान, स्टार्टअप संस्कृति, नवाचार और विनिर्माण क्षेत्र में बढ़ती गतिविधियां इसी सोच का परिणाम हैं। भारत अब केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि निमार्ता और नवप्रवर्तक बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास-ये केवल राजनीतिक नारे नहीं, बल्कि शासन के मार्गदर्शक सूत्र के रूप में स्थापित हुए हैं। इनका उद्देश्य विकास को समावेशी बनाना है, ताकि समाज का कोई वर्ग पीछे न रह जाए। यही कारण है कि विकास योजनाओं का केंद्र अब वही व्यक्ति है, जो कभी व्यवस्था के हाशिए पर खड़ा था। निस्संदेह, किसी भी लंबे शासनकाल की तरह मोदी सरकार की नीतियों और निर्णयों पर बहस और आलोचना भी होती रही है। लोकतंत्र में यह स्वाभाविक और आवश्यक है। किंतु यह भी सत्य है कि पिछले बारह वर्षों में शासन की कार्यशैली, विकास की गति और नागरिकों की अपेक्षाओं में एक व्यापक परिवर्तन दिखाई देता है। आज नागरिक केवल वादे नहीं सुनना चाहता, बल्कि परिणाम देखना चाहता है। यही लोकतांत्रिक परिपक्वता की पहचान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सबसे बड़ी विशेषता शायद यही है कि उन्होंने शासन को एक जनांदोलन का स्वरूप देने का प्रयास किया है। वे स्वयं को शासक नहीं, बल्कि ह्यप्रधान सेवकह्ण के रूप में प्रस्तुत करते हैं। उनकी कार्यशैली में निरंतरता, परिश्रम, लक्ष्य के प्रति समर्पण और राष्ट्र को सर्वोपरि रखने का भाव दिखाई देता है। यही कारण है कि वे देश के सबसे लोकप्रिय नेताओं में गिने जाते हैं और विश्व मंच पर भी एक प्रभावशाली व्यक्तित्व के रूप में स्थापित हुए हैं।

वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प केवल आर्थिक समृद्धि का लक्ष्य नहीं है। यह एक ऐसे भारत की परिकल्पना है जो आत्मनिर्भर, समावेशी, तकनीकी रूप से उन्नत, सांस्कृतिक रूप से आत्मविश्वासी और सामाजिक रूप से संवेदनशील हो। इस दिशा में मोदी युग ने अनेक आधारभूत परिवर्तन किए हैं, जिनका प्रभाव आने वाले दशकों में और अधिक स्पष्ट होगा। आज जब भारत अमृतकाल की यात्रा पर अग्रसर है, तब यह कहा जा सकता है कि नरेंद्र मोदी का योगदान केवल योजनाओं और परियोजनाओं तक सीमित नहीं है। उन्होंने करोड़ों भारतीयों में यह विश्वास जगाया है कि परिवर्तन संभव है, विकास सबका अधिकार है और राष्ट्र की प्रगति में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। अंत्योदय से विकसित भारत तक की यह यात्रा उसी विश्वास, संकल्प और कर्मयोग की कहानी है, जिसने आधुनिक भारत के निर्माण को नई गति और नई दिशा प्रदान की है।

# हरित पुनरुद्धार की ओर बढ़ते भारत के कदम



- महेन्द्र तिवारी

पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन की वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत ने भूमि बहाली के क्षेत्र में एक ऐसी अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है जिसने पूरी दुनिया के सामने सफलता का एक नया मार्ग प्रशस्त किया है। भारत ने अपने निरंतर और सुनियोजित प्रयासों से 21.76 मिलियन हेक्टेयर बंजर और खराब हो चुकी भूमि को फिर से हरा-भरा और उपजाऊ बनाने में सफलता प्राप्त की है। इस विशाल आंकड़े की गंभीरता और इसके भौगोलिक विस्तार को इस तरह समझा जा सकता है कि यह क्षेत्रफल लगभग पूरे यूनाइटेड किंगडम अर्थात ब्रिटेन के कुल भौगोलिक आकार के बराबर है। इतने बड़े पैमाने पर सूखी, ऊसर और जीवनहीन हो चुकी जमीन को पुनर्जीवित करना केवल एक प्रशासनिक सफलता नहीं है बल्कि यह प्रकृति के प्रति देश की गहरी प्रतिबद्धता और दूरगामी नीतियों का जीवंत परिणाम है। इस ऐतिहासिक कदम ने न केवल भारत की पारिस्थितिक सुरक्षा को मजबूत किया है बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति देश की साख को बहुत ऊंचा किया है। भूमि का इस तरह से पुनरुद्धार करना आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और समृद्ध भविष्य की नींव रखने जैसा है जो सतत विकास के वैश्विक लक्ष्यों को पूरा करने में सहायक सिद्ध होगा।

इस पूरी मुहिम की वैश्विक कड़ियों को जोड़कर देखना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि भारत के ये प्रयास अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रहे बड़े अभियानों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहे हैं। इसी संदर्भ में बॉन चुनौती का नाम प्रमुखता से उभर कर सामने आता है। बॉन चुनौती वास्तव में वनों की कटाई को रोकने और मरुस्थलीकरण के कारण बंजर हो चुकी भूमि को फिर से उपजाऊ और हरा-भरा बनाने का एक बहुत बड़ा वैश्विक संकल्प है। इस महत्वपूर्ण पहल की शुरूआत वर्ष 2011 में जर्मनी की सरकार और इंटरनेशनल यूनियन फॉर Conservation ऑफ नेचर द्वारा संयुक्त रूप से की गई थी। जब इसे वैश्विक स्तर पर शुरू किया गया था तब इसका प्राथमिक लक्ष्य रखा गया था कि वर्ष 2020 तक पूरी दुनिया में 150 मिलियन हेक्टेयर खराब हो चुकी भूमि को बहाल किया जाएगा। इसके बाद इस लक्ष्य को और अधिक विस्तारित करते हुए वर्ष 2030 तक 350 मिलियन हेक्टेयर भूमि को पुनर्जीवित करने का संकल्प लिया गया। भारत ने इस वैश्विक चुनौती को सहर्ष स्वीकार किया और अपनी घरेलू प्राथमिकताओं को इसके साथ इस तरह जोड़ा कि आज देश इस दिशा में मार्गदर्शक की भूमिका निभा रहा है।

भारत की इस पर्यावरणीय यात्रा में एक और बड़ा मोड़ तब आया जब देश ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी जिम्मेदारियों को और अधिक विस्तार देने का निर्णय लिया। वर्ष 2019 में भारत की राजधानी नई दिल्ली में संयुक्त राष्ट्र मरुस्थलीकरण रोकथाम अभिसमय के चौदहवें सत्र का आयोजन किया गया था जिसे कॉप 14 के नाम से भी जाना जाता है। इस वैश्विक सम्मेलन में दुनिया भर के पर्यावरणविदों और नीति निमार्ताओं की उपस्थिति में भारत ने अपने पुराने लक्ष्यों में बड़ा संशोधन किया। भारत ने वैश्विक मंच पर यह संकल्प लिया कि वह वर्ष 2030 तक 26 मिलियन हेक्टेयर बंजर और निम्नीकृत भूमि को पूरी तरह से बहाल करेगा। वर्तमान समय में हासिल किया गया 21.76 मिलियन हेक्टेयर का यह आंकड़ा इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि भारत अपने लक्ष्य की ओर मजबूती से आगे बढ़ रहा है और वह इस अत्यंत महत्वाकांक्षी लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा से बहुत पहले ही प्राप्त करने की मजबूत स्थिति में पहुंच चुका है।

इस विशाल भूभाग को दोबारा जीवन देने और उसे हरा-भरा बनाने के लिए देश में बहुआयामी रणनीतियों को अपनाया गया जिसमें सबसे महत्वपूर्ण भूमिका वनरोपण की रही है। देश के विभिन्न राज्यों में जो जमीनें पूरी तरह से खाली थीं या जहां औद्योगिक गतिविधियों और खनन कार्यों के बाद खदानों को बंजर छोड़ दिया गया था वहां बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान चलाए गए। इस प्रक्रिया में इस बात का विशेष ध्यान रखा गया कि केवल पेड़ न लगाए जाएं बल्कि उन स्थानीय प्रजातियों के पौधों को चुना जाए जो वहां की मिट्टी और जलवायु के अनुकूल हों। इससे बंजर पहाड़ियों और मैदानी इलाकों में एक बार फिर से सघन हरित आवरण लौटने लगा जिसने भूमि के क्षरण को रोक दिया और मिट्टी की खोई हुई पोषक क्षमता को वापस लाने में मदद की।

वनरोपण के साथ-साथ जल और मिट्टी के संरक्षण के लिए जलागम प्रबंधन तकनीक का व्यापक स्तर पर उपयोग किया गया जो इस सफलता की रीढ़ साबित हुई। इसके अंतर्गत पहाड़ी और ढलान वाले क्षेत्रों में वैज्ञानिक पद्धतियों से छोटे-छोटे बांधों का निर्माण किया गया जिन्हें चेक डैम कहा जाता है। इन संरचनाओं के माध्यम से वर्षा के तेजी से बहते हुए पानी को रोका गया जिससे न केवल उपजाऊ मिट्टी का बहाव थमा बल्कि जमीन के भीतर पानी का स्तर भी तेजी से ऊपर उठा। भूजल स्तर में सुधार होने के कारण आसपास की सूखी और प्यासी जमीन को पर्याप्त नमी मिली जिससे वहां प्राकृतिक रूप से वनस्पतियों का उगना दोबारा शुरू हो गया और कई सूखी नदियां तथा जलस्त्रोत पुनर्जीवित हो उठे।

इस अभियान की एक और बड़ी विशेषता कृषि वानिकी को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देना रही है जिसने पारंपरिक खेती के तौर-तरीकों को सकारात्मक रूप से बदल दिया। परंपरागत रूप से किसान केवल अपनी फसलों के उत्पादन पर ध्यान केंद्रित करते थे लेकिन नई नीतियों के तहत उन्हें खेतों की मेड़ों पर और फसलों के बीच के खाली स्थानों में आर्थिक रूप से उपयोगी पेड़ लगाने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित किया गया। इससे किसानों को न केवल ईंधन और चारे के रूप में अतिरिक्त संसाधन मिले बल्कि खेतों की मिट्टी की नाइट्रोजन स्थिरीकरण क्षमता और सामान्य उर्वरता में भी भारी सुधार हुआ। कृषि वानिकी ने देश के ग्रामीण अंचलों में एक नए प्रकार के लाभदायक और टिकाऊ हरित तंत्र को जन्म दिया जिसने पर्यावरण के साथ-साथ किसानों की आर्थिक स्थिति को भी संबल प्रदान किया।

इन सभी सरकारी और तकनीकी प्रयासों को वास्तविक शक्ति और गति तब मिली जब इसमें आम जनता और स्थानीय समुदायों की भागीदारी को अनिवार्य बनाया गया। संयुक्त वन प्रबंधन प्रणाली के अंतर्गत वनों के आसपास रहने वाले स्थानीय ग्रामीण निवासियों और विशेषकर आदिवासी समुदायों को जंगलों की रक्षा करने और नए पौधे लगाने की सीधी जिम्मेदारी सौंपी गई। जब इन समुदायों को यह अहसास हुआ कि जंगलों का विकास सीधे तौर पर उनके अपने जीवन, संस्कृति और आजीविका से जुड़ा हुआ है तो उन्होंने इस अभियान को एक जन आंदोलन का रूप दे दिया। लोगों के इस सामूहिक जुड़ाव के कारण ही नए लगाए गए पौधों की जीवित रहने की दर में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई और सामुदायिक वनों का दायरा तेजी से बढ़ने लगा।

इस ऐतिहासिक भूमि बहाली अभियान के दूरगामी और बहुआयामी लाभ अब प्रत्यक्ष रूप से दिखाई देने लगे हैं जिनमें सबसे बड़ा लाभ एक विशाल कार्बन अवशोषक क्षेत्र का निर्माण होना है। जब 21.76 मिलियन हेक्टेयर भूमि पर नए पेड़-पौधे और घनी वनस्पतियां विकसित होती हैं तो वे वायुमंडल से हर साल लाखों टन कार्बन डाइऑक्साइड जैसी हानिकारक गैसों को सोख लेती हैं। यह प्रक्रिया वैश्विक तापन के खतरों को कम करने में भारत की ओर से विश्व को दिया गया एक अमूल्य योगदान है। यह हरित क्षेत्र देश के कार्बन उत्सर्जन को संतुलित करने में एक मजबूत ढाल की तरह काम कर रहा है और वैश्विक जलवायु सुधार में अपनी महती भूमिका निभा रहा है।

इसके साथ ही जैव विविधता की बहाली इस अभियान का दूसरा सबसे महत्वपूर्ण परिणाम है क्योंकि जो क्षेत्र कभी पूरी तरह से उजाड़ और बेजान हो चुके थे वहां अब एक बार फिर से विभिन्न प्रकार के वन्यजीवों को अपना खोया हुआ प्राकृतिक आवास मिल रहा है। पशु-पक्षियों, कीट-पतंगों और मिट्टी के भीतर रहने वाले सूक्ष्मजीवों की संख्या में वृद्धि होने से संपूर्ण पारिस्थितिक तंत्र दोबारा सक्रिय हो रहा है जो प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने के लिए अनिवार्य है। अंततः इस पूरी प्रक्रिया ने देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को एक नई और अभूतपूर्व मजबूती प्रदान की है जो सतत विकास का सबसे बड़ा उदाहरण है। भूमि के उपजाऊ होने से जहां एक ओर कृषि उत्पादकता में सुधार हुआ है वहीं दूसरी ओर जंगलों से मिलने वाले विभिन्न उत्पादों जैसे फल, शहद, गोंद और अनेक प्रकार की दुर्लभ जड़ी-बूटियों ने स्थानीय लोगों की दैनिक आय को बढ़ाने में मदद की है। रोजगार के नए अवसर पैदा होने से ग्रामीण क्षेत्रों में समृद्धि आई है जो यह सिद्ध करती है कि आर्थिक विकास और पर्यावरण संरक्षण दोनों को एक साथ प्राप्त किया जा सकता है।

# वर्दी के उस पार : पुलिस नहीं, समाज का चेहरा



- राजकुमार जैन, स्वतंत्र लेखक

लोकतंत्र में पुलिस शायद उन विरल संस्थाओं में से एक है, जो एक साथ विश्वास, भय, अपेक्षा और असंतोष का केंद्र बनी रहती हैं। दुनिया के लगभग हर समाज में पुलिस व्यवस्था को लेकर प्रश्न उठते हैं—कहीं भ्रष्टाचार को लेकर, कहीं अधिकारों के अतिक्रमण को लेकर, तो कहीं नागरिकों के प्रति संवेदनशीलता के अभाव को लेकर। इन प्रश्नों का उठना लोकतांत्रिक स्वास्थ्य का संकेत है, क्योंकि किसी भी सार्वजनिक संस्था को आलोचना से परे नहीं माना जा सकता।

किन्तु इस बहस के बीच एक ऐसा प्रश्न है, जिसे हम प्रायः अनदेखा कर देते हैं। क्या पुलिस वास्तव में केवल एक प्रशासनिक संस्था है, अथवा वह उस समाज का प्रतिरूप भी है, जिसने उसे जन्म दिया है? हमारी सामान्य प्रवृत्ति पुलिस और समाज को दो पृथक संसारों की तरह देखने की है। मानो वर्दी पहनते ही कोई व्यक्ति सामाजिक जीवन के सामान्य नियमों और संस्कारों से मुक्त होकर किसी अलग ही व्यवस्था का हिस्सा बन जाता हो। जबकि सच इसके ठीक विपरीत है। पुलिसकर्मी किसी अन्य ग्रह से नहीं आते। वे उसी मिट्टी में जन्म लेते हैं, उसी पारिवारिक वातावरण में बड़े होते हैं, उन्हीं विद्यालयों में पढ़ते हैं, उन्हीं सामाजिक मान्यताओं को आत्मसात करते हैं और उन्हीं आकर्षणों, दबावों तथा महत्वाकांक्षाओं के बीच अपना व्यक्तित्व गढ़ते हैं, जिनके बीच हम सब अपना जीवन व्यतीत करते हैं।

इस दृष्टि से देखें तो पुलिस समाज से बाहर खड़ी संस्था नहीं, बल्कि समाज की संगठित अभिव्यक्ति है। इसलिए जब हम पुलिस की किसी विकृति पर उंगली उठाते हैं, तब कहीं न कहीं उस सामाजिक संरचना की ओर भी संकेत कर रहे होते हैं, जिसने उन विकृतियों को जन्म दिया है।

वास्तविक संकट पुलिस से अधिक हमारे सामूहिक नैतिक चरित्र का है। हम कानून के शासन की बात करते हैं, किंतु जब वही कानून हमारे हितों के प्रतिकूल पड़ता है, तो उसके अपवाद खोजने लगते हैं। हम निष्पक्षता का समर्थन करते हैं, परंतु अपने परिचितों के लिए विशेष व्यवहार की अपेक्षा रखते हैं। हम भ्रष्टाचार को सार्वजनिक रूप से कोसते हैं, किंतु निजी सुविधा के लिए उसी भ्रष्टाचार का सहारा लेने में संकोच नहीं करते।

विडंबना यह है कि हम नियमों के पालन की अपेक्षा दूसरों से करते हैं, स्वयं से नहीं।

यदि कोई अधिकारी प्रभाव, धन अथवा सामाजिक दबाव के आगे झुक जाए, तो उसे व्यवहारकुशल कहा जाता है; लेकिन यदि वही अधिकारी नियमों का कठोरता से पालन करे, तो उसके लिए संवेदनहीन, अक्खड़ या भ्रष्ट जैसे विशेषण खोज लिए जाते हैं। यह विरोधाभास केवल पुलिस व्यवस्था की समस्या नहीं, बल्कि उस सामाजिक मानसिकता का दर्पण है, जिसमें नैतिकता को सिद्धांत नहीं, सुविधा की वस्तु समझ लिया गया है।

किसी भी राष्ट्र की संस्थाएँ शून्य में निर्मित नहीं होतीं। वे उसी सांस्कृतिक और नैतिक वातावरण की उपज होती हैं, जिसमें समाज साँस लेता है। यदि किसी समाज में प्रभाव को योग्यता से अधिक महत्व मिलता हो, यदि सफलता को चरित्र से ऊपर रखा जाता हो और यदि सत्य की तुलना में सुविधा अधिक आकर्षक लगती हो, तो उसकी संस्थाओं में भी वही प्रवृत्तियाँ दिखाई देंगी।

निस्संदेह, इसका अर्थ यह नहीं कि पुलिस की कमियों को अनदेखा कर दिया जाए। शक्ति का दुरुपयोग, अन्याय और भ्रष्टाचार किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं हो सकते। लोकतंत्र में जवाबदेही अनिवार्य है। परंतु केवल संस्थाओं को कटघरे में खड़ा कर देने से समस्या का समाधान नहीं होता। यदि हम परिणामों पर आक्रोश व्यक्त करते रहें और उनके सामाजिक कारणों को समझने से बचते रहें, तो सुधार की प्रक्रिया अधूरी ही रहेगी।

हमारे सार्वजनिक विमर्श की एक और दुर्बलता है। हम अच्छाई को सामान्य मान लेते हैं और बुराई को असाधारण घटना बनाकर प्रस्तुत करते हैं। दंगों, महामारी, प्राकृतिक आपदाओं और संकट के समय हजारों पुलिसकर्मी अपने परिवारों से दूर रहकर समाज की सुरक्षा में लगे रहते हैं। अनेक बार वे अपने स्वास्थ्य और जीवन तक को जोखिम में डाल देते हैं। किंतु उनके त्याग की कहानियाँ प्रायः चर्चा का विषय नहीं बनतीं।

इसके विपरीत, किसी एक अधिकारी की गलती पूरे पुलिस तंत्र की पहचान बना दी जाती है।

एक परिपक्व समाज का दायित्व केवल अन्याय की आलोचना करना नहीं, बल्कि ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा का सम्मान करना भी है। सत्य न तो केवल निंदा में निहित है और न केवल प्रशंसा में; वह दोनों के बीच संतुलित दृष्टि में निवास करता है।

दरअसल, पुलिस पर होने वाली हर चर्चा समाज के आत्ममंथन का अवसर भी होनी चाहिए। यदि दर्पण में दिखाई देने वाला चेहरा असुंदर लगे, तो दोष दर्पण का नहीं होता। दर्पण तो केवल वही दिखाता है जो उसके सामने उपस्थित है। पुलिस भी कुछ ऐसी ही संस्था है। उसमें हमें अपने ही समाज का अनुशासन, अपनी ही नैतिकता, अपने ही समझौते और अपनी ही कमजोरियाँ प्रतिबिंबित दिखाई देती हैं।

इसलिए स्थायी परिवर्तन केवल नए कानूनों, आयोगों या प्रशासनिक सुधारों से नहीं आएगा। उसका आरंभ मनुष्य के भीतर होगा। जब परिवार सफलता के साथ सत्यनिष्ठा का संस्कार देंगे, जब विद्यालय उपलब्धियों के साथ चरित्र निर्माण को भी महत्व देंगे, और जब नागरिक स्वयं नियमों के पालन को अपना नैतिक दायित्व मानेंगे, तभी संस्थाएँ भी बदलेंगी।

किसी व्यवस्था का वास्तविक उत्थान संसदों, सचिवालयों और पुलिस मुख्यालयों से पहले नागरिक के अंतःकरण में प्रारंभ होता है।

अंततः पुलिस सुधार का प्रश्न समाज सुधार से अलग नहीं है। पुलिस कोई बाहरी सत्ता नहीं, बल्कि उसी समाज का अनुशासित और संगठित रूप है, जिसे हमने अपने व्यवहार, मूल्यों और प्राथमिकताओं से निर्मित किया है।

इसलिए पुलिस को बदलने की आकांक्षा से पहले हमें स्वयं से यह पूछना चाहिए—क्या हम ऐसे समाज के निर्माण के लिए तैयार हैं, जिसकी वर्दी को देखकर हमें आलोचना नहीं, गर्व का अनुभव हो?

# गहलोत और पायलट की मुस्कान के पार कांग्रेस का सियासी सच



- निरंजन परिहार

राजस्थान में कांग्रेसी राजनीति की उड़ान उलझन भरी है। बरसों सत्ता में रहने वाली ताकतवर कांग्रेस राजनीतिक धरातल पर कमजोर लगती है, तो कभी कभार फिर से प्रदेश में सरकार बनाने की हुंकार भरती हुई भी दिखती है। इसीलिए अपने नेताओं में ताल मेल और मोलजोल भरी मुलाकातों की तस्वीरें उत्साह जगाती हैं, और होठों पर हंसी और चेहरों पर मुस्कान भरी हाथ मिलाते हुए तस्वीरें देखते ही कांग्रेसी चिहुंच उठते हैं। लेकिन राजस्थान की कांग्रेसी राजनीति के सारे सच समझने के लिए तस्वीरों के पार का सच समझने की जरूरत है। राजनीति में तस्वीरें अक्सर वही दिखाई जाती हैं, जिसे दिखाना जरूरी होता है। लेकिन राजनीति की असली कहानी उन तस्वीरों के पार होती है, जहां कैमरे की रोशनी नहीं पहुंचती। राजस्थान कांग्रेस में इन दिनों अशोक गहलोत और सचिन पायलट की मुस्कुराती तस्वीरें चर्चा में हैं। राहुल गांधी की कोटा यात्रा के दौरान दोनों नेताओं का आत्मीयता से हाथ मिलाना और चेहरे पर सहज मुस्कान लिए हंसते हुए दिखाई देना कांग्रेस कार्यकताओं के लिए राहत और उत्साह का कारण बना। लेकिन राजनीति की तस्वीरों में दिखने वाली निकटता और राजनीतिक वास्तविकताओं की दूरी के बीच अक्सर लंबा फासला होता है, और उसी सच को समझने की जरूरत है।

पिछले एक दशक से राजस्थान कांग्रेस दो समानांतर राजनीतिक धाराओं के बीच बह रही है। एक धारा अनुभव, संगठनात्मक कौशल और सत्ता संचालन की कला का प्रतिनिधित्व करती है, जिसका चेहरा अशोक गहलोत हैं। दूसरी धारा महत्वाकांक्षा, नई पीढ़ी की राजनीति और भविष्य के नेतृत्व की आकांक्षा का प्रतीक है, जिसका नेतृत्व सचिन पायलट करते हैं। दोनों कांग्रेस के बड़े नेता हैं, दोनों की अपनी ताकत है, दोनों का अपना जनाधार है और दोनों की राजनीतिक यात्रा का अंतिम पड़ाव सत्ता के शिखर तक पहुंचना ही है। राजनीति में महत्वाकांक्षा कोई दोष नहीं होती। बल्कि यही वह ईंधन है, जिससे राजनीतिक यात्राएं आगे बढ़ती हैं। फर्क केवल इतना होता है कि कोई नेता अपनी महत्वाकांक्षा को कितनी कुशलता से राजनीतिक रणनीति में बदल पाता है। अशोक गहलोत ने अपने 50 साल के लंबे अनुभव से राजनीति की यह ललित कला सिद्ध कर रखी है। और सचिन पायलट अभी अपने राजनीतिक भविष्य को उस मुकाम तक पहुंचाने के संघर्ष में हैं, जहां नेतृत्व केवल संभावना नहीं, बल्कि निर्विवाद स्वीकार्यता बन जाए।



राजस्थान कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत भी यही है और विडंबना भी। विडंबना इसलिए कि पार्टी का बड़ा हिस्सा दो खेमों में बंटा दिखाई देता है। ताकत इसलिए कि दोनों नेताओं की सक्रियता ने कांग्रेस को राजनीतिक रूप से जीवंत, जीवित और प्रासंगिक बनाए रखा है। बीजेपी के मजबूत संगठन और सत्ता की निरंतरता के बीच कांग्रेस यदि आज भी मुकाबले की स्थिति में दिखाई देती है, तो उसके पीछे इन दोनों नेताओं की निरंतर राजनीतिक सक्रियता की बड़ी भूमिका है। समस्या वहीं पैदा होती है, जहां व्यक्तिगत राजनीतिक आकांक्षाएं सामूहिक संगठनात्मक लक्ष्यों से बड़ी दिखने लगती हैं। कांग्रेस के सामान्य कार्यकर्ता की पीड़ा भी यही है। वह चाहता है कि गहलोत और पायलट साथ दिखें ही नहीं, साथ चलें भी। क्योंकि उसे मालूम है कि राजस्थान में कांग्रेस का पुनरुत्थान किसी एक नेता की ताकत से संभव नहीं है। इसके लिए दोनों धाराओं का संगम आवश्यक है।

यही कारण है कि जब-जब गहलोत और पायलट की मुलाकात होती है, तो कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच उम्मीद का वातावरण बनता है। लेकिन उम्मीद और विश्वास में अंतर होता है। उम्मीद तस्वीरों से पैदा हो जाती है, विश्वास व्यवहार से बनता है। और राजस्थान कांग्रेस अभी उस विश्वास की तलाश में है, जो केवल मंच साझा करने से नहीं, बल्कि राजनीतिक प्राथमिकताओं को साझा करने से पैदा होगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली अपनी-अपनी जिम्मेदारियां निभा रहे हैं और अपने अपने गुट भी बनाने की फिराक में हैं। लेकिन यह भी एक राजनीतिक यथार्थ है कि राजस्थान कांग्रेस की असली धुरी अभी भी गहलोत और पायलट ही हैं। संगठन की कमान किसी के हाथ हो सकती है, लेकिन जनभावनाओं और राजनीतिक विमर्श का केंद्र वही नेता बनते हैं, जिनकी स्वीकार्यता प्रदेशव्यापी होती है। डोटासरा और जूली चाहे कितनी भी कोशिश कर लें, मगर स्वीकार्यता की प्रदेशव्यापी कसौटी पर आज भी कांग्रेस में अशोक गहलोत नंबर वन और पायलट नंबर दो हैं, और डोटासरा - जूली इन दोनों नेताओं का विकल्प नहीं बन सकते।

असल में, राजनीति केवल पद का खेल नहीं है। पद किसी को अधिकार दे सकते हैं, लेकिन प्रभाव नहीं। प्रभाव संघर्ष, स्वीकार्यता और जन विश्वास से पैदा होता है। डोटासरा और जूली पद के नेता हैं, कद के नहीं। मगर, गहलोत और पायलट दोनों ने अलग-अलग रास्तों से यह प्रभाव अर्जित किया है। इसलिए दोनों के बीच की प्रतिस्पर्धा केवल व्यक्तियों की प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि दो राजनीतिक शैलियों, दो पीढ़ियों और दो दृष्टिकोणों की प्रतिस्पर्धा भी है। लेकिन इतिहास गवाह है कि बड़ी राजनीतिक सफलताएं प्रतिस्पर्धा से नहीं, समन्वय से जन्म लेती हैं। कांग्रेस के सामने सबसे बड़ी चुनौती बीजेपी नहीं है। बीजेपी तो उसकी राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी पार्टी है, जिससे कभी भी जीत सकते हैं। लेकिन कांग्रेस की असली चुनौती अपने भीतर वह विश्वास पैदा करना है, जो कार्यकर्ताओं को यह भरोसा दिला सके कि पार्टी का भविष्य व्यक्तिगत समीकरणों का बंधक नहीं बनेगा।

राजस्थान की जनता भी अब केवल राजनीतिक संदेशों से संतुष्ट नहीं होती। वह राजनीतिक व्यवहार को देखती है, नेताओं के संबंधों को परखती है और उनके निर्णयों से निष्कर्ष निकालती है। इसलिए तस्वीरों में मुस्कान जितनी महत्वपूर्ण है, उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण वह राजनीतिक संदेश है, जो उन मुस्कानों के पीछे छिपा होता है। कांग्रेस के लिए आने वाला वक्त बेहद निर्णायक हैं। विधानसभा चुनाव में केवल दो साल बचे हैं। यदि गहलोत का अनुभव और पायलट की ऊर्जा एक ही दिशा में प्रवाहित होती है, तो पार्टी नई राजनीतिक ताकत के रूप में उभर सकती है। लेकिन यदि तस्वीरों की मुस्कानें केवल अवसरों की औपचारिकता बनी रहीं, तो कार्यकर्ताओं की उम्मीदें फिर निराशा में बदल सकती हैं। आखिरकार राजनीति में हाथ मिलाने से ज्यादा जरूरी दिलों का मिलना होता है। क्योंकि जब दिल मिलते हैं, तब संगठन मजबूत होते हैं। और जब संगठन मजबूत होते हैं, तभी जनता का विश्वास लौटता है। राजस्थान कांग्रेस की असली परीक्षा भी यही है कि वह तस्वीरों की दोस्ती को राजनीतिक एकजुटता में कितना बदल पाती है। बाकी तो खैर, तस्वीरें तो बेचारी कल भी खिंचती थीं, आज भी खिंच रही हैं और आगे भी खिंचती रहेंगी। मगर कांग्रेस का क्या होगा, कांग्रेसियों के लिए यह चिंता का विषय होना चाहिए।

# मुठभेड़ में 50 हजार का इनामिया गो-तस्कर गिरफ्तार, 6 गोवंश और अवैध असलहे बरामद

सोनभद्र (उत्तरशक्ति)। जनपद पुलिस ने गो-तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 50 हजार रुपये के इनामिया गो-तस्कर समेत तीन आरोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से छह गोवंश, दो अवैध तमंचे, जिंदा व खोखा कारतूस तथा तस्करी में प्रयुक्त एक पिकअप वाहन बरामद किया है।



पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध विरोधी अभियान के तहत थाना रायपुर, पन्नूगंज, कोतवाली रॉबर्ट्सगंज पुलिस और एसओजी/सर्विलांस टीम को सूचना मिली कि गोवंशों से भरी एक पिकअप वाहन बिहार की ओर जा रही है। सूचना पर सारसोत क्षेत्र में घेराबंदी की गई। पुलिस को देखकर तस्करों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दो आरोपी घायल हो गए, जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। एक अन्य आरोपी को भी मौके से दबोच लिया गया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विकास यादव, मेराज कुरैशी और विजय प्रताप यादव उर्फ वकील यादव के रूप में हुई है। इनमें विकास यादव पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित था। तलाशी के दौरान पुलिस ने दो अवैध तमंचे, कारतूस और छह गोवंश बरामद किए।

घायल आरोपियों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस, आर्म्स एक्ट तथा उत्तर प्रदेश गोवध निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पूछताछ में आरोपियों ने गो-तस्करी में शामिल होने की बात स्वीकार की है। पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी विकास यादव के खिलाफ विभिन्न जनपदों में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अधीक्षक ने इस सफलता पर संयुक्त टीम की सराहना करते हुए कहा कि अपराधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# जम्मू-कश्मीर के किसानों और बागवानों को आयात-निर्यात लाइसेंस देकर अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़े केंद्र सरकार: मोहम्मद अरशद खान

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। मोहम्मद अरशद खान, राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत किसान यूनियन, राष्ट्रीय सचिव समाजवादी पार्टी एवं पूर्व विधायक जौनपुर सदर ने पीडीए भवन, कटघरा, जौनपुर में आयोजित प्रेस ब्रीफिंग में जम्मू-कश्मीर के किसानों, बागवानों और फल उत्पादकों की 25 सूत्रीय समस्याओं और मांगों को देश के सामने रखते हुए प्रधानमंत्री को एक विस्तृत पत्र भेजने की जानकारी दी।

मोहम्मद अरशद खान ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के किसान, बागवान और फल उत्पादक देश की अर्थव्यवस्था, कृषि और बागवानी क्षेत्र की रीढ़ हैं, लेकिन आज वे गंभीर आर्थिक संकट, प्राकृतिक आपदाओं, बाजार की अव्यवस्था और सरकारी उपेक्षा का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि केंद्र सरकार वास्तव में जम्मू-कश्मीर के विकास और किसानों की समृद्धि चाहती है तो उन्हें केवल राहत पैकेज नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार से जोड़ने के लिए आयात-निर्यात लाइसेंस, आधुनिक भंडारण व्यवस्था और विशेष कृषि नीति प्रदान करनी होगी।

उन्होंने कहा कि सेब, अखरोट, बादाम, चेरी और केसर जैसे उत्पाद विश्व स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान रखते हैं, लेकिन किसानों को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक सीधी पहुंच नहीं मिल पा रही है। बिचौलियों और बड़ी कंपनियों के कारण किसानों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। इसलिए केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर के किसान



उत्पादक संगठनों (FPO), सहकारी समितियों और किसान समूहों को सीधे आयात-निर्यात लाइसेंस प्रदान करे, ताकि वे अपने उत्पादों को विश्व बाजार में बेच सकें और बेहतर आय अर्जित कर सकें।

**किसानों और बागवानों की प्रमुख समस्याएँ:** सेब उत्पादकों को लाभकारी मूल्य नहीं मिल रहा है। विदेशी सेबों के आयात से स्थानीय उत्पादकों को भारी नुकसान हो रहा है। कोल्ड स्टोरेज और नियंत्रित वातावरण (CA Storage) की भारी कमी है। पैकेजिंग सामग्री और कार्टन की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है। बागों में रोग और कीट नियंत्रण की लागत अत्यधिक बढ़ गई है। अखरोट, बादाम, चेरी और केसर उत्पादकों को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक सीधी पहुंच नहीं है। नकली कश्मीरी केसर के कारण असली उत्पादकों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। प्रसंस्करण, गुणवत्ता प्रमाणन और निर्यात सुविधाओं का अभाव है। बेमौसम वर्षा, ओलावृष्टि और बर्फबारी से किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। फसल बीमा योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन नहीं हो रहा है। पहाड़ी क्षेत्रों में सिंचाई सुविधाएं अपर्याप्त हैं। मंडियों में बिचौलियों का दबदबा बना हुआ है। परिवहन लागत बहुत अधिक है। कृषि ऋण, डीजल, खाद, बीज और कीटनाशकों की बढ़ती कीमतों ने किसानों की कमर तोड़ दी है। छोटे और सीमांत किसानों की आय लगातार घट रही है।

**भारत किसान यूनियन की प्रमुख मांगें:** सेब, अखरोट, बादाम, चेरी और केसर के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी। जम्मू-कश्मीर के किसानों और बागवानों को आयात-निर्यात लाइसेंस प्रदान किया जाए। प्रत्येक जिले में आधुनिक कोल्ड स्टोरेज और प्रसंस्करण केंद्र स्थापित किए जाएं। प्राकृतिक आपदाओं से हुए नुकसान का 30 दिनों के भीतर मुआवजा दिया जाए। किसानों और बागवानों का सम्पूर्ण कृषि ऋण माफ किया जाए। फल उत्पादकों के लिए विशेष निर्यात प्रोत्साहन नीति बनाई जाए। बागवानी फसलों के लिए अलग और प्रभावी बीमा योजना लागू की जाए। किसानों को सस्ती बिजली, खाद, बीज और डीजल उपलब्ध कराया जाए। सेब आयात नीति की समीक्षा कर स्थानीय उत्पादकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। प्रत्येक जिले के किसान उत्पादक संगठनों (FPO) को आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। जम्मू-कश्मीर के किसानों और बागवानों की समस्याओं पर विशेष संसद सत्र बुलाया जाए।

मोहम्मद अरशद खान ने घोषणा की कि भारत किसान यूनियन जम्मू-कश्मीर के किसानों, बागवानों, सेब, अखरोट, बादाम, चेरी और केसर उत्पादकों के अधिकारों के लिए व्यापक जनआंदोलन चलाएगी। इसके अंतर्गत किसान पंचायतें, धरना-प्रदर्शन, ज्ञापन अभियान, जनजागरण कार्यक्रम और राष्ट्रीय स्तर के आंदोलन आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि जब तक जम्मू-कश्मीर के किसानों और बागवानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य, अंतरराष्ट्रीय बाजार तक सीधी पहुंच और सम्मानजनक आय नहीं मिलेगी, तब तक भारत किसान यूनियन उनका संघर्ष पूरे देश में मजबूती से उठाती रहेगी।

## बाइक की टक्कर में युवक की मौत, चालक बाइक छोड़कर फरार

### केराकत थाना क्षेत्र के लठेपुर प्राथमिक विद्यालय के सामने हुआ हादसा

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। केराकत थाना क्षेत्र में बुधवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में 28 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान संतोष पाल (28 वर्ष), पुत्र सियाराम पाल, निवासी मटियारी, थाना केराकत के रूप में हुई है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, संतोष पाल अपनी बहन को कोयलारी से छोड़कर घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान रात करीब 8 बजे लठेपुर विद्यालय के सामने दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में संतोष पाल गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें निजी वाहन से जिला अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद दूसरी बाइक का चालक अपनी बाइक संख्या यूपी62 एफ 5585 मौके पर छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। फरार चालक की तलाश की जा रही है।

## रेलवे अधिकारियों के आश्वासन पर जज सिंह अन्ना ने समाप्त किया आमरण अनशन

### जफराबाद स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-4 का बंद गेट खुला, स्थायी गेट बनाने का मिला आश्वासन

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जफराबाद रेलवे जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर-4 पर बंद किए गए छोटे गेट को खोलने और भविष्य में स्थायी गेट बनाए जाने के आश्वासन के बाद समाजसेवी जज सिंह अन्ना ने गुरुवार को अपना आमरण अनशन समाप्त कर दिया। गौरतलब है कि प्लेटफॉर्म नंबर-4 की ओर से बाहर निकलने वाला छोटा गेट बंद कर दिए जाने से यात्रियों को भारी परेशानी का



सामना करना पड़ रहा था। शहर की ओर से आने-जाने वाले यात्रियों को स्टेशन पहुंचने के लिए लगभग दो किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ता था। इस समस्या को लेकर जज सिंह अन्ना ने बुधवार से आमरण अनशन शुरू कर दिया था। अनशन की सूचना मिलते ही रेलवे प्रशासन सक्रिय हो गया। गुरुवार को लखनऊ मंडल के वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (सीनियर इंजीनियर) सुनील कुमार मौके पर पहुंचे और प्लेटफॉर्म नंबर-4 पर बंद किए गए छोटे गेट को खुलवा दिया। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में कार्य विस्तार के दौरान इस स्थान पर स्थायी गेट का निर्माण कराया जाएगा। रेलवे अधिकारियों के आश्वासन के बाद जज सिंह अन्ना ने जूस पीकर अपना अनशन समाप्त कर दिया। इस दौरान रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और स्थानीय पुलिस के अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे। अनशन समाप्त होने के बाद यात्रियों ने राहत की सांस ली और रेलवे प्रशासन के निर्णय का स्वागत किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि गेट खुलने से हजारों यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर आरपीएफ के उपनिरीक्षक अजय कुमार, चौकी प्रभारी प्रभुनारायण सिंह, सुमित कुमार, राधेश्याम सिंह, अमूल्य सिंह, विवेकानंद यादव, मनोज मिश्र सहित कई लोग उपस्थित रहे।

**गांजा बरामदगी के मामले में पुलिस को झटका**

## कोर्ट ने आरोपी को रिमांड पर लेने से किया इनकार, अब पीड़ित को मिल रही है धमकी

**रियाजुल हक**

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। सरपतहां थाना क्षेत्र में कथित चार किलो गांजा बरामदगी का मामला लगातार उलझता जा रहा है। पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किए गए आरोपी को अदालत से बड़ी राहत मिलने के बाद अब आरोपी ने पुलिस और कथित गांजा तस्करों पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। न्यायालय ने मामले को प्रथम दृष्टया संदिग्ध मानते हुए आरोपी को न्यायिक रिमांड पर लेने से इनकार कर दिया और एक लाख रुपये के निजी मुचलके पर रिहा करने का आदेश दिया। इसके बाद पूरे मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है।

जानकारी के अनुसार सरपतहां पुलिस ने 15 जून को अखिलेश सिंह नामक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चार किलो गांजा बरामद करने का दावा किया था। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया, लेकिन सुनवाई के दौरान अदालत ने गिरफ्तारी और बरामदगी की परिस्थितियों पर सवाल उठाते हुए उसे रिमांड पर भेजने से साफ इनकार कर दिया।

रिहा होने के बाद आरोपी ने मीडिया से बातचीत में दावा किया कि वह लंबे समय से क्षेत्र में खुलेआम हो रही गांजा तस्करी के खिलाफ अभियान चला रहा था। उसने कथित तौर पर देशी शराब की दुकान के पास हो रही गांजा बिक्री का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया था। आरोपी का आरोप है कि इसी से नाराज होकर पुलिस और गांजा तस्करों की मिलीभगत से उसे झूठे मुकदमे में फंसा दिया गया।

पीड़ित ने आरोप लगाया कि उसके घर के पीछे एक बोरे में गांजा रखवाकर उसे गिरफ्तार किया गया। उसने यह भी दावा किया कि पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने के कुछ ही देर बाद उस व्यक्ति को भी हिरासत में लिया था, जिसे क्षेत्र में लोग वास्तविक गांजा विक्रेता के रूप में जानते हैं। लेकिन बाद में उसे छोड़ दिया गया जबकि उसका चालान कर दिया गया। पीड़ित का कहना है कि यदि पुलिस निष्पक्ष कार्रवाई करती तो असली तस्कर के खिलाफ भी कार्रवाई होती।

आरोपी ने एक और गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जमानत पर रिहा होकर घर लौटते समय कथित गांजा तस्कर और थाने के एक हिस्ट्रीशीटर ने उसे गोली मारने की धमकी दी। उसने अपनी जान को खतरा बताते हुए पुलिस अधीक्षक से सुरक्षा मुहैया कराने तथा पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है।

उधर न्यायालय के फैसले के बाद पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठने लगे हैं। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए ताकि सच्चाई सामने आ सके। वहीं पुलिस की ओर से अभी तक आरोपी द्वारा लगाए गए आरोपों पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

फिलहाल कोर्ट के रुख, आरोपी के गंभीर आरोपों और कथित धमकी की घटना ने इस मामले को जिले में चर्चा का विषय बना दिया है। अब सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि जांच में आखिर कौन सच बोल रहा है और पूरे प्रकरण की वास्तविक तस्वीर क्या निकलकर सामने आती है।

# पुरानी रंजिश ने लिया हिंसक रूप, महिला समेत पूरे परिवार पर हमला

### डेढ़ घंटे तक बेहोश रही युवती

**प्रियेश गुप्ता रुद्रा**

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के खोड़ा गांव में बुधवार शाम पुरानी रंजिश



को लेकर हुए विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि पड़ोसियों ने एक महिला, उसकी बेटी, बेटे और पति के साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। घटना में 20 वर्षीय युवती गंभीर रूप से घायल होकर करीब डेढ़ घंटे तक बेहोश रही।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बुधवार शाम करीब 7 बजे सविता देवी और पड़ोसियों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। आरोप है कि हमलावरों ने सविता देवी के बाल खींचे और उनके साथ अभद्रता करते हुए मारपीट की।

मां को बचाने पहुंची उनकी 20 वर्षीय बेटी अंशिका को कथित तौर पर पेट में पैर से जोरदार वार किया गया, जिससे वह मौके पर ही अचेत होकर गिर पड़ी। परिजनों का कहना है कि अंशिका लगभग डेढ़ घंटे तक बेहोशी की हालत में रही। वहीं 12 वर्षीय सत्यम को थप्पड़ मारकर जमीन पर पटक दिया गया, जबकि बीच-बचाव करने पहुंचे पिता रविन्द्र कुमार भी हमले में घायल हो गए।

घटना के बाद परिजनों ने एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। पीड़ित परिवार ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए प्रशासन और पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।

सूचना मिलने पर डायल-112 पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी जुटाई। पुलिस का कहना है कि तहरीर प्राप्त होने पर मामले की जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

फिलहाल घटना के बाद गांव में तनाव और चर्चा का माहौल बना हुआ है, जबकि पीड़ित परिवार आरोपियों की गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहा है।

## भय के साये में जी रहा दिव्यांग परिवार, मुख्यमंत्री से लगाई न्याय की गुहार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। खुटहन थाना क्षेत्र के सैद पनौली गांव निवासी संगीता पत्नी संतलाल ने मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र भेजकर अपने परिवार की सुरक्षा और न्याय की मांग की है। संगीता का आरोप है कि गांव के कुछ दबंग लोग लंबे समय से उनके परिवार का उत्पीड़न कर रहे हैं और लगातार धमकियां दे रहे हैं। पीड़िता के अनुसार उनके पति संतलाल शारीरिक रूप से दिव्यांग हैं तथा बीमारी के चलते उनका उपचार चल रहा है। ऐसे में परिवार पहले से ही आर्थिक और सामाजिक परेशानियों से जूझ रहा है। आरोप है कि पड़ोसी आए दिन घर पहुंचकर गाली-




गलौज करते हैं और गांव छोड़ने की धमकी देते हैं। संगीता ने बताया कि मामले की शिकायत कई बार थाना खुटहन और क्षेत्राधिकारी शाहगंज से की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उनका आरोप है कि शिकायत करने पर विपक्षी पक्ष और अधिक आक्रामक हो जाता है तथा रास्ते में रोककर अभद्र भाषा का प्रयोग कर मानसिक रूप से प्रताड़ित करता है। पीड़िता ने मुख्यमंत्री से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करने और परिवार को सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है। उनका कहना है कि भय और असुरक्षा के माहौल में परिवार का जीवन यापन करना मुश्किल हो गया है। इस मामले ने ग्रामीण क्षेत्र में दिव्यांग और कमजोर वर्ग के लोगों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब यह देखना होगा कि शासन और प्रशासन इस शिकायत को कितनी गंभीरता से लेते हैं और पीड़ित परिवार को कब तक राहत मिलती है।

**नोट:** समाचार में उल्लिखित सभी आरोप पीड़िता द्वारा मुख्यमंत्री को भेजे गए प्रार्थना पत्र पर आधारित हैं। आरोपित पक्ष का पक्ष अभी सामने नहीं आया है। मामले की वास्तविक स्थिति प्रशासनिक जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

## मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर विकास प्रदर्शनी

### होम्योपैथिक शिविर में स्वास्थ्य के प्रति किया गया जागरूक

**प्रियेश गुप्ता रुद्रा**

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित प्रेक्षागृह में विकास प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों ने अपने-अपने स्टॉल लगाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी लोगों तक पहुंचाई।

इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग की ओर से निशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने स्वास्थ्य संबंधी सलाह ली और उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। शिविर में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी (होम्योपैथी) डॉ. अजय श्रीवास्तव ने खसरा और चेचक जैसी संक्रामक बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए समय पर उपचार और बचाव के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि इन बीमारियों




के उपचार के लिए आवश्यक दवाएं जिला चिकित्सालय में उपलब्ध हैं, जिन्हें मरीजों को निशुल्क प्रदान किया जाता है।

डॉ.श्रीवास्तव ने नागरिकों से अपील की कि किसी भी स्वास्थ्य समस्या की स्थिति में सरकारी चिकित्सालयों की सुविधाओं का लाभ उठाएं तथा समय रहते चिकित्सकीय परामर्श अवश्य लें।

प्रदर्शनी में आए लोगों ने स्वास्थ्य विभाग की पहल की सराहना करते हुए विभिन्न सरकारी योजनाओं और चिकित्सा सेवाओं की जानकारी हासिल की। स्वास्थ्य जागरूकता के साथ-साथ यह प्रदर्शनी जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम साबित हुई।

# गांव में चौपाल लगाकर ग्रामीणों लोगों की सुनी गई समस्या, निस्तारण करने का दिया निर्देश

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जनपद के सिरकोनी विकास खण्ड के कादीपुर गांव में विशेष जन संपर्क एवं जन जागरूकता अभियान के



तहत चौपाल लगाकर ग्रामीणों को सरकार के द्वारा किया गया विकास कार्यों के बारे में जानकारी दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डॉक्टर हरेन्द्र सिंह ने चौपाल लगाकर सरकार के योजनाओं के बारे में भी जानकारी दिया। चौपाल में बड़ी संख्या में ग्राम पंचायत के ग्रामीण अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे थे। सभी ग्रामीणों की समस्या को सुनते

पुर्व विधायक हरेन्द्र सिंह ने एक-एक कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और मौके पर मौजूद अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि गांव के लोगों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए तहसील या ब्लॉक के चक्कर न काटने पड़ें। इसी उद्देश्य से सरकार द्वारा समस्त ग्राम पंचायत में चौपाल लगाने का कार्यक्रम कर रहा है।

चौपाल के दौरान विभिन्न सरकारी योजनाओं के पात्र लाभार्थियों का रैंडम सर्वे कराया गया। सर्वे में पात्र पाए गए लोगों का मौके पर ही रजिस्ट्रेशन कराया गया। वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन,आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड और प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े आवेदनों को प्राथमिकता से निपटाया गया।ग्राम पंचायत में पेयजल की समस्या ग्रामीणों ने प्रमुखता से उठाई। कई मजरों में हैंडपंप खराब होने और पाइपलाइन न पहुंचने की शिकायत की गई। विधायक ने इसे गंभीरता से लेते हुए जल निगम विभाग के अधिकारियों को जल्द से जल्द समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में पेयजल की किल्लत बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

चौपाल में ग्राम प्रधान,लेखपाल, पंचायत सचिव,जल निगम और अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। विधायक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर शिकायत का समयबद्ध निस्तारण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।कार्यक्रम के अंत में विधायक ने ग्रामीणों से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने और जागरूक रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि चौपाल का उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है।

## 10 बसों का चालान, 03 बसें सीज

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। परिवहन विभाग द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों तथा अनाधिकृत रूप से संचालित बसों के विरुद्ध विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया। एआरटीओ (प्रवर्तन) सत्येन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में यात्री/मालकर अधिकारी प्रमोद कुमार के साथ बीती रात्रि जनपद के विभिन्न मार्गों पर सघन जांच अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान लगभग 50 बसों की जांच की गई। जांच के दौरान बिना नम्बर प्लेट, प्रेशर हॉर्न का प्रयोग करने तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाली 10 बसों का चालान किया गया। वहीं गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर 03 बसों को संबंधित थानों में सीज कर दिया गया। एआरटीओ (प्रवर्तन) सत्येन्द्र कुमार सिंह ने वाहन संचालकों से यातायात नियमों का पूर्णतः पालन करने की अपील करते हुए कहा कि जनसुरक्षा के दृष्टिगत ऐसे विशेष अभियान आगे भी निरंतर चलाए जाते रहेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया वृक्षारोपण

रेणुकोट,सोनभद्र ( उत्तरशक्ति )। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान 'एक पेड़ मां के नाम' के अंतर्गत भाजपा कार्यकर्ताओं ने हिंडालको कॉलोनी सेकंड प्लांट स्थित श्री सर्वेश्वरी समूह आश्रम, शाखा रेणुकोट परिसर में वृक्षारोपण किया।



इस अवसर पर जिला कार्यसमिति सदस्य राज वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किया गया यह अभियान पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मातृ सम्मान का भी संदेश देता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति यदि अपनी मां के नाम एक पौधा लगाए और उसका संरक्षण करे तो देश का हरित आवरण बढ़ाने में बड़ी सफलता मिल सकती है। यह अभियान पारिवारिक मूल्यों और पर्यावरणीय संतुलन दोनों को सशक्त बनाने का कार्य कर रहा है। वहीं निवर्तमान जिला संयोजक भाजपा आईटी विभाग अभय सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में तेजी से घटते हरित क्षेत्र और बढ़ते पर्यावरणीय संकट को देखते हुए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम में आश्रम की व्यवस्थापक मदन सिंह, मंडल उपाध्यक्ष प्रेम शंकर रावत, दुर्ग विजय मिश्रा, राजेश चौधरी, धर्मेंद्र शर्मा, सुधांशु चौहान, गणेश चौहान, अरुण सिंह, अनूप केशरी, आनंद अग्रहरी सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

